## खबर संक्षेप

### वानखडे की सेवानिवृत्ति पर हुआ सत्कार

**सौंसर।** सौसर न्यायालय में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान जिला न्यायालय सौंसर में पदस्थ के. एस. वानखडे रीडर ग्रेड-1 अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा शाल श्रीफल ओर उपहार देकर सेवानिवृत्ति पर स्वागत सत्कार कर विदाई दी गई। मिली जानकारी के अनुसार श्री वानखेड़े लंबे समय से यहां पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। सौंसर के पद पर रहते हुए अधिवार्षिक सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो हुए है। जिन्होंने अपनी सेवा 43 वर्ष न्याय विभाग में दी। जिनका न्यायालय में पदस्थ समस्त कर्मचारीगण एवं सौसर न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह के व्दारा शाल एवं श्रीफल देकर सत्कार किया गया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### सांसद ने किया स्टेशनरी का शुभारंभ



**दमुआ।** सांसद ने दमुआ में सूरज बुक शॉप स्टेशनरी दुकान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सूरज बुक शॉप के संचालक नीरज धीमन एवं सूरज कुमार एवं रमेश कुमार राही , विमला धीमान जी एवं बड़ी संख्या में पार्टी राजनेता व्यापारी बंधु उपस्थिति रहे।

### नीरज चौहान को पितृशोक

**छिंदवाड़ा।** जिले के पत्रकार नीरज सिंह चौहान, धीरज लकी सिंह चौहान के पिताजी विजय सिंह चौहान का बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शारदा माता मंदिर के पास से निकाली गई। जहां उनका पातालेश्वर मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। विजय सिंह चौहान पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा को समर्पित किया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों प्रबुद्धजन शामिल हुए।

## आरोपी ने किया आत्महत्या का प्रयास, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# निराश प्रेमी ने युवती को घर में घुसकर 10 बार घोंपा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा





बुधवार सुबह लगभग 9 बजे विकासखंड की ग्राम पंचायत मालेगांव के ग्राम कुकडीखापा में एक 20 वर्षीय युवती को घर में घुसकर सजातीय युवक ने 10-15बार चाकू घोंप दिया। साइको युवक हमला करने के बाद कुछ दूर जाकर कुंए में कूद पडा। जब युवक को एहसास हुआ कि कुंए में पानी कम है तो रस्सी की मदद से वह बाहर निकल आया। इसके बाद युवक अपने खेत पहुंचा और फसलों पर छिडकाव करनेवाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती कल ही भोपाल से एक जॉब के संबंध में इंटरव्यू देकर लौटी थी। युवती ने पुलिस को बताया कि युवक के साथ वह पहले बातचित करती थी। लेकिन कुछ दिनों से युवती ने अपनी ओर से बात करना बंद कर दिया था। हमलावर सिरफिरे युवक का नाम विपुल पिता भास्कर तागडे है जो आटोरिक्शा चलाने के साथ ही खेती का व्यवसाय करता है। युवक और युवती दोनों को गंभीर घायल अवस्था में स्थानीय सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरांत नागपुर रिफर कर दिया है।

## माफियाओं को संरक्षण देता वनविभाग प्रति ट्राली के हिसाब से कमीशन सेट

# बिछुआ वनविभाग के डिप्टी रेंजर, नाकेदार की मिलीभगत से चल रही रेत तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

जिले के बिछुआ वनपरिक्षेत्र में इन दिनों रेत के कारोबार करने वाले चाँदी काट रहे है और इस खेल में विभाग के कुछ अधिकारी/ कर्मचारी की मिलीभगत से देखी जा सकती है। सूत्रों की जानकारी के अनुसार इन दिनों बिछुआ रेंज में हर चौथा दिनों रेत चोर जंगल में अवैध उत्खनन कर रहे।रेत चोर खदान ना जाते हुए जंगल के नीमठाना, खदबेली, गुलसी,चाकुटाना, भीमालगोदी, रैय्यतवाडी, से खुलेआम रेत निकाल रहे,वही वनविभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

### सागौन की कटाई चल रही धड़ल्ले से

रेत माफिया रेत के साथ सागौन की अवैध कटाई कर उन्हें महंगे दामों पर बेच रहे जिससे पार्यवरण का नुकसान हो रहा। वही जंगल के खदबेली जोड पर जंगल काटकर उसे बेच दिया गया ओर जमीन में खेती शुरू कर दी गई ।

### डिप्टी रेंजर की मिलीभगत

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डिप्टी रेंजर खामरपानी में निवास करते हैं।जंगलो का निरीक्षण नही करते जिससे जंगल कटाई का कार्य जोर शोर से चल रहा। सूत्रों ने अरोप लगया है डिप्टी रेंजर साहब को प्रति ट्राली के हिसाब से कमीशन मिलता है।



### वनविभाग का नाके का पता नहीं

जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र जाखावाडी में फारेस्ट विभाग का नाका बना हुआ परन्तु नाकेदार की सांठगांठ से रेत ओर सागौन खुलेआम निकलती हैं। जिससे माफियाओं के होंसले बुलंद होते जा रहे ।वही रेत माफिया बताते है की हमारी सब सेंटिग है। हम प्रति ट्राली के हिसाब से नाका में पैसा देते हैं। ओर कभी कोई अधिकारी आता हैं तो हमें नाकेदार साहब फोन करके सूचना देते हैं।

### खदबेली में माफियाओं पर कोई अंकुश नहीं

इन दिनों खदबेली मे माफियाओं का राज चल रहा है जिसकी शिकायत 181 मे भी हुई है। परन्तु वनविभाग के अधिकारी ने कमीशनखोरी के कारण आंख, कान सब बंद कर ली । जिससे माफियाओं रात में दिन सुबह-सुबह बिछुआ नगर में लाकर रेत बेच रहे हैं। अधिक मुनाफा कमा रहे हैं ।

### सीसीएफ से कार्यवाही की उठी मांग

ग्रामीणों ने सीसीएफ से निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग एंव ऐसे भ्रष्ट डिप्टी रेंजर नाकेदार की जांच कर इन्हें बर्खास्त करने की मांग की है।

# पुरानी पानी की टंकी में गिरे तीन मजदूर

## दो मजदूर सुरक्षित, एक मजदूर का हाथ टूटा, कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा की बड़ी ईदगाह के सामने स्थित पुरानी पानी की टंकी में बुधवार सुबह करीब 9 बजे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। टंकी जर्जर हालत में थी और उसकी रिपेयरिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान ऊपरी हिस्सा तोड़ते समय अचानक तीन मजदूर नीचे टंकी में गिर पड़े।

गनीमत यह रही कि उस वक्त टंकी में सिर्फ 4 से 4.5 फीट पानी भरा था और बोरिंग से पानी भरने का काम शुरू नहीं किया गया था। हादसे की जानकारी मिलते ही निगम कर्मचारी, अधिकारी और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

### दो मजदूर सुरक्षित, एक घायल

रेस्क्यू टीम ने दो मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं तीसरे मजदूर का हाथ टूट जाने के कारण उसे निकालने में कर्मचारियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।



### अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहे प्रश्न

इस टंकी की मरम्मत का ठेका जियो मिलर कंपनी को दिया गया है। कंपनी के मैनेजर ईश्वर सर्वोदय का कहना है कि उन्होंने काम के लिए निगम से परमिशन ली थी। जबकि निगम अधिकारी विवेक चौहान का कहना है कि ठेका मिलने के बाद काम शुरू करने से पहले अनुमति लेना जरूरी था, जो कंपनी की ओर से नहीं ली गई।

### कंपनी की लापरवाही उजागर

हादसे के बाद कंपनी की बड़ी लापरवाही भी सामने आई। मजदूरों को बिना सेफ्टी बेल्ट के टंकी पर काम के लिए भेजा गया था। जब हादसा हो गया, तब बचाव कार्य के दौरान एक सेफ्टी बेल्ट मंगवाई गई और यह दिखाने की कोशिश की गई कि सभी मजदूरों के लिए सुरक्षा उपकरण मौजूद थे। जबकि हकीकत यह थी कि किसी के पास सेफ्टी बेल्ट नहीं था। इस मामले में जब कंपनी के मैनेजर से पूछा गया तो उन्होंने जानकारी न होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।



### नीरज कुमार वशिष्ठ बने पांढुर्ना जिला कलेक्टर



**पांढुर्ना ।** नवगठित पांढुर्ना जिले के पहले कलेक्टर अजय देव शर्मा का लगभग पौने दो साल के सफल कार्यकाल उपरांत कल आकस्मिक रूप से ट्रांसफर हो गया। कल शाम को जारी मध्यप्रदेश शासन के आदेश के मुताबिक अब पांढुर्ना जिले के कलेक्टर का पदभार नीरज कुमार वशिष्ठ ग्रहण करेंगे।

अब तक नीरज कुमार वशिष्ठ विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति विभाग में संचालक है। निवर्तमान कलेक्टर अजय देव शर्मा ने अपने प्रयासों से पांढुर्ना जिले को कई बार प्रदेश में पहली रैंकिंग पर पहुंचाया है और इनके मिलनसार व्यक्तित्व के कारण अल्पावधि में इनकी पांढुर्ना जिले की जनता पर अमित छाप पड गई है। नवागंतुक कलेक्टर महोदय के बारे में भी जिले की जनता जल्द ही जान जाएगी।

# विधायक की चुनरी यात्रा का हिंगलाज मंदिर में हुआ समापन

## नौ दिवसीय चुनरी यात्रा ने ग्राम-ग्राम पहुँचकर जगाई माँ दुर्गा के प्रति आस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विधायक सुनील उईके के नेतृत्व में 13वीं चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। नवरात्र की प्रतिपदा तिथि को तामिया ब्लॉक के तुलतुला पहाड़ स्थित माँ नैना देवी मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा नौ दिनों तक पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूमते हुए आस्था और श्रद्धा का अद्वितीय संगम बन गई।

यात्रा ने तामिया, नवेगांव, दमुआ एवं जुन्नारदेव ब्लॉकों के सैकड़ों ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक सुनील उईके अपने साथियों, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और हजारों भक्तजनों के साथ दुर्गा पंडालों में पहुँचकर माँ शेरावाली को चुनरी एवं प्रसाद अर्पित करते रहे। जहाँ-जहाँ यह चुनरी यात्रा पहुँची, वहाँ श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने जयकारों, ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ इसका भव्य स्वागत किया।

यात्रा के दौरान कन्या पूजन कर विधायक ने परंपरागत रूप से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।यात्रा के अंतिम दिन चुनरी यात्रा जमकुंडा, नजरपुर एवं पालाचौरई के दुर्गा पंडालों में पहुँची, जहाँ पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। विधायक सुनील उईके ने यहाँ भी मातारानी को चुनरी और प्रसाद अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।इसके पश्चात यात्रा का भव्य समापन विश्व प्रसिद्ध माँ हिंगलाज मंदिर में हुआ। यहाँ बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच विधायक सुनील उईके ने विधि-विधान से माँ हिंगलाज को चुनरी एवं प्रसाद अर्पित किया और नौ दिवसीय चुनरी यात्रा का समापन किया गया।

ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और माँ के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा।चुनरी यात्रा में छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ विशेष रूप से उपस्थित हुए थे। विधायक सुनील उईके ने उनका आभार जताते हुए कहा कि इस यात्रा को भव्य बनाने में उनके सहयोग और सानिध्य ने विशेष भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने यात्रा में विशेष सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवाओं, श्रद्धालुओं एवं प्रेस प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत भव्य प्लॉग रन रैली का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा भव्य प्लॉग रन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में नगर निगम के अधिकारी - कर्मचारी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, सामाजिक संस्थाओं एवं विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, बादल भारद्वाज, निगम से विवेक चौहान, अभिषेक गुप्ता, मंगेश पवार, अरुण गडेवाल, रामवृक्ष यादव, अनिल लोट, सुनील मालवी, हेमंत गोदरे, स्वच्छता चैंपियन श्रीमती अलका शुक्ला एवं डॉ. मीरा पराड़कर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे रैली का शुभारंभ फव्वारा चौंक से हुआ जो जेल तिराह, बस स्टैंड होते हुए शहीद अमित ठेंगे स्मारक पुलिस लाइन पहुंची जहां ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

रैली का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छता अपनाने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए जागरूक करना रहा। रैली के दौरान लोगों को संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक जनआंदोलन है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

# हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## कुंडीपुरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, मुखबिर की सूचना के बाद एक्शन में आई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कुंडीपुरा पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना का सक्षिप्त विवरण दिनांक- 26.09.2025 को जरिये डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम बोरिया एक महिला की घर पर गिरने से मृत्यु हो गई है, सूचना पर मौका ग्राम बोरिया जाकर मृतिका मुन्नीबाई पाटिल पति शंभू पाटिल उम्र 70 साल निवासी ग्राम बोरियाढाना की मृत्यु के संबंध में मौके पर मर्ग इटीमेशन दर्ज कर शव का पंचनामा किया गया एवं जिला अस्पातल छिंदवाड़ा से पी.एम. कराया जाकर पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त की गई जो पी.एम. रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतिका की मौत गंभीर प्रकृति की चोट होने के कारण मृत्यु होना पाया गया जो प्रथम दृष्टया मृतिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट कर हत्या करना पाये जाने से मर्ग जांच उपरान्त आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 652/2025 धारा 103(1) BNSS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्ग दर्शन में थाना स्तर पर टीम गठित कर संदेही / आरोपी संतोष पाटिल पिता शंभू पाटिल उम्र 31 साल निवासी ग्राम बोरिया थाना कुण्डीपुरा को अपराध दर्ज होने के 24 घण्टे के अंदर आरोपी की पतासाजी की जाकर हिरासत में लिया गया एवं आरोपी संतोष पाटिल से घटना के संबंध में पूछताछ की, जो आरोपी द्वारा बताया गया की वह अपनी मृतिका माँ को मोहल्ले के घर में जाकर बैठने मना करता था किन्तु उसकी माँ मोहल्ले में बैठने जाती थी जो घटना दिनांक 26.09.2025 को भी मोहल्ले में बैठने गई थी इसी बात पर बात विवाद होने पर आरोपी द्वारा लोहे की सब्बल से मारपीट करना बताया जो आरोपी से जाकर घटना में प्रयुक्त लोहे की सब्बल की जप्ती की गई।

## जय माता दी के नारों से गूंज रहा है सौंसर क्षेत्र, भंडारे, फलाहार वितरण का हो रहा आयोजन

# नवरात्र में बंजारी माता मंदिर में उमड़ रहा भक्तों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

बुधवार को नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत नवमी पर्व पर नगर के दुर्गा मंदिरों के अलावा विभिन्न स्थानों पर हवन भंडारे कन्या भोजन महाप्रसाद वितरण, भी किया गया।

फवारा चौक मित्र मंडली की ओर से अष्टमी पर नगर के पुलिस थाने परिसर में बनी हुई मां जगत जननी के मंदिर के पास में लगभग 7 क्विंटल के साबूदाने के खिचड़ी का वितरण किया गया, साथ ही दुर्गा माता मंदिर कमेटी की ओर से बुधवार को नवमी पर विशाल कन्या भोजन के साथ ही मन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। नगर के बेरडी रोड स्थित मां भवानी माता मंदिर परिसर में भी प्रतिदिन शाम को विशाल भंडारे का आयोजन हो रहा है।बंजारी माता मंदिर में महाराष्ट्र से पहुच रहे भक्तसौसर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे प्रसिद्ध बंजारी माता मंदिर में नवरात्र महोत्सव पर भक्तों का मेला लगा हुआ है। नवरात्र पर मां बंजारी के दर्शन के लिए प्रदेश के अलावा बड़ी संख्या में महाराष्ट्र से भी माता रानी के भक्ति मंदिर में पहुंचकर मातारानी के दर्शन करते हुएपूजा अर्चना कर रहे है। यहां पर नवरात्र महोत्सव पर श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है जहां पर हरिओम शुक्ला के द्वारा प्रतिदिन भगवान की विभिन्न लीलाओं का संगीत में गीतों के माध्यम से वर्णन किया जा रहा है। भागवत कथा के दौरान बड़ी संख्या में माता रानी के भक्त यहां पर पहुंचकर भागवत कथा का रसपान कर रहे है। बंजारी माता मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष मोरेश्वर धुर्वे ने बताया कि यहां पर 105 मनोकामना कलश की स्थापना की गई थी।बंजारी माता मंदिर परिसर मनोकामना कलश एवं जगमगाती रंगीली रोशनी से जगमगा उठा है। प्रतिदिन सुबह शाम होने वाली आरती में हजारों की संख्या में माता रानी के भक्त यहां उपस्थित होकर आरती का पुण्य लाभ ले रहे हैं।

### माँ दर्शन के बाद में हो जाता है घाटी का सफर आसान



बंजारी माता मंदिर के बाद में दुर्गम सिलेवानी वाली घाटी यहां से शुरू होती है।पूर्व में इस मार्ग से बड़े पैमाने पर बंजारा प्रजाति के लोगों का आवागमन रहता था।बंजारा प्रजाति के लोगों के द्वारा ही यहां पर दशको पूर्व में बंजारी माता की स्थापना की गई थी। छोटे से मंदिर ने अब यहां पर भव्य रूप ले लिया है। बंजारी माता रानी के दर्शन के बाद में इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों एवं वाहन चालकों का रास्ता आसान हो जाता है। कहां जाता है कि पूर्व में यहां पर माता रानी के दर्शन के लिए शेर भी आकर माता टेकते थे।आज भी सिलेवानी घाटी की यात्रा प्रारंभ करने के पूर्व भक्त एवं वाहन चालक मां बंजारी की पूजा अर्चना कर आगे की ओर बढ़ते हैं जिससे कि उनका रास्ता सुलभ हो जाता है। नागपुर से मां बंजारी के दर्शन करने आए भक्त विनोद प्रजापति ने बताया कि मैं विगत कई वर्षों से नवरात्र पर्व पर बंजारी माता मंदिर परिवार के साथ आता हु।मां बंजारी चमत्कारी है यहां पर आने के बाद में हमारी मुश्किलें खत्म ओर मनोकामनाएं पूर्ण हुई है।





पाटनी टॉकीज के पास सचिन चौकसे के निवास पर विराजमान मां भवानी का बुधवार को हवन पूजन भंडारे के साथ विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। माँ भवानी की आकर्षक झांकी के साथ विराजमान माँ दुर्गा।

## भक्तों की आस्था का केंद्र बना माँ खेड़ापति माता मंदिर, रोजाना लग रही भक्तों की भारी भीड़



# मां खेड़ापति मंदिर में प्रज्जवलित हो रही मां ज्वाला देवी की ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जिला छिंदवाड़ा में भक्तों की आस्था और विश्वास का केन्द्र मां खेड़ापति मंदिर चांदामेटा में सौ साल से भक्तजन पिंड स्वरूप में देवी की पूजन आराधना करते आ रहे हैं। दो दशक पहले भक्तों ने मां खेड़ापति देवी के प्राचीन मंदिर का नवनिर्माण के साथ एक प्रथक विशाल मंदिर बनाया है। मंदिर के समीप ही मां ज्वाला देवी से लाई अमर ज्योति लगातार प्रज्वलित हो रही है।



### स्वामी स्वरूपानंद के सानिध्य में हुई प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा

मां खेड़ा मंदिर के जीर्णोद्वार और नवनिर्मित मंदिर में नवीन प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ६ फरवरी- 2003 बसंत पंचमी पर हुआ। मां जगदबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती और श्रीश्री 1008 गरीब दास बाबा के सानिध्य में हुई।

### ज्वाला देवी की अखंड ज्योत स्थापित

हिमाचल प्रदेश में स्थित मां ज्वाला देवी से 15 फरवरी- 2008 में अमर ज्योति लाकर मां खेड़ापति मंदिर के द्वितीय पंचवर्षीय महा आयोजन के दौरान स्थापित की गई। यहां ज्योति अखंड प्रज्वलित हो रही है।

### ऐसे पहुंचे मंदिर

जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा से लगभग 35 किमी दूर सारनी मार्ग पर परासिया और चांदामेटा की सीमा पर स्थित पहाड़ी मां खेड़ापति मंदिर स्थित है। यह मंदिर उमरेठ मार्ग पर चांदामेटा बस स्टेंड से डेढ़ किमी दूर दक्षिण दिशा में स्थित है।





## नवरात्रि पर्व पर सिंगोड़ी में सजे मां के दरबार



**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि पर्व पर मंदिरों से लेकर दुर्गा पंडालों एवं घरों में विराजित मां दुर्गा के विभिन्न अनुष्ठानों के साथ महाआरती की जा रही है समाजसेवी एवं श्री राम मंदिर प्रबंध समिति के पवन राव सोनी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के पावन एवं विशेष अवसर पर मंदिरों में महा आरती के साथ दुर्गा चालीसा पाठ निरंतर चालू है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं स्थानीय दुर्गा मंदिर मरही माता मंदिर में विशेष दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है जगह-जगह दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना की गई है जहां जवारे एवं घट स्थापना का पूजन अर्चन किया जा रहा है। स्थानीय कबीर चौक गोली मोहल्ला एवं बाजार चौक में सार्वजनिक रूप से दुर्गा जी की स्थापना की गई हैजहां पर विभिन्न आयोजनों के साथ जस गायन कर भक्त लोग मां की भक्ति में लगे हुए हैं सोनी परिवार एवं बाजार चौक प्रांगण में विराजित मां दुर्गा की विशेष संगीत में आरती लोगों का मन को मोह रही है श्री मानस सेवा सत्संग समिति के अध्यक्ष पप्पूराव सोनी एवं उनकी संगीत टीम के द्वारा होने वाली महाआरती में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं ग्राम के राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर एवं मरही माता मंदिर में गरबा नृत्य में सैकड़ो की संख्या में मात्र शक्तियों भाग ले रही हैकई दुर्गा पंडालों में सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे बच्चिया भाग ले रही हैश्री राम मंदिर आचार्य पंडित सुनील द्विवेदी जी एवं ग्राम पुरोहित बसंत जोशी के द्वारा हवन पूजन एवं अनुष्ठान निरंतर किये जा रहे हैं1 अक्टूबर को विशेष झांकी तैयार कर लोगों को दर्शन कराने की तैयारी दुर्गा पंडालों के सदस्यों द्वारा की जा रही है।

## विवेकानंद में मनाया गया गरबा महोत्सव

**सिंगोड़ी।** नई आबादी स्थित स्वामी विवेकानंद आदर्श विद्यालय में नन्हे मुन्ने बच्चों सहित समस्त स्टाफ के द्वारा संगीत की मधुर ध्वनि के बीच गरबा नृत्य का सफल आयोजन किया गयाविद्यालय के संचालक पवन राव सोनी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नई आबादी स्थित स्वामी विवेकानंद आदर्श विद्यालय में नवरात्रि अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैजिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे द्वारा सुंदर परिधानों में मनमोहन गरबा नृत्य डांडिया सहित बड़े उत्साह के साथखेला गयागरबा नृत्य के दौरान देवी के मधुर भजनों पर थीरकते नन्हे मुन्ने बच्चों के पैरों की मनमोहक प्रस्तुति ने पलकों एवं दर्शकों का मन मोह लियाप्रतिभागियों को संस्था की ओर से पारितोषिक वितरण किया गया कार्यक्रम में संस्था के संचालक प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लियासमापन के अंत में प्रत्येक बच्चों को अष्टमी पर्व पर दक्षिणा देकर एवं फलों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## दोपहिया वाहन ने मारी टक्कर, शख्स का पैर टूटा



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी से खजरी मुख्य सड़क मार्ग पर अर्जुननाला में गंगोत्री कॉलोनी के ठीक सामने दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी 50 जेडबी 7754 ने सड़क किनारे मोटरसाइकिल पर बैठे एक शख्स को टक्कर मार दी. हादसे में मोटरसाइकिल पर बैठे शख्स का दाहिना पैर एड़ी के पास से टूट गया है. हादसे की सूचना मिलने पर संजीवनी 108 के ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलट प्रवीण घटनास्थल पर पहुंचे. जिन्होंने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया. प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है. मिली जानकारी अनुसार कोड़मी निवासी अशोक गेड़ाम अपने किसी रिश्तेदार के यहां तिरोड़ी गए हुए थे. बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अपने घर की तरफ लौट रहे थे इस बीच कटंगी में अपनी बहन के यहां चले गए और कुछ देर रूकने के बाद गुटखा लेने के लिए गए थे. दोपहिया वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. हादसे की सूचना मिलने पर अशोक गेड़ाम के परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे. प्राथमिक उपचार के बाद अशोक गेड़ाम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## चल समारोह में डिजिटल आतिशबाजी व झॉकिया रहेगी आकर्षक का केंद्र-विवेक पटेल

# 60 फीट ऊंचे अहंकारी रावण के पुतले का आज होगा दहन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

असत्य पर सत्य का पर्व विजयदशमी वारासिवनी नगर में धूमधाम से मनाया जायेगा। वारासिवनी नगर के रानी अवंतीबाई स्टेडियम में गुरुवार की रात में लगभग 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन भगवान श्रीराम द्वारा किया जाएगा। वारासिवनी नगर में पानीपत सोनीपत की तर्ज पर दशहरा चल समारोह निकाला जायेगा, जिसमें भगवान हनुमान के रुप में मुकुटधारी शिवम बुधरानी अपनी वानर सेना के साथ नगर भ्रमण कर दशहरा मैदान पहुंचेंगे। जहाँ प्रभु श्रीराम के अग्निबाण से अहंकारी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस दौरान होने वाली आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर विधायक विवेक पटेल बुधवार को दशहरा मैदान पहुँचे। जहॉ पर उन्होंने मैदान की व्यवस्थाओं, रावण के पुतला निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अजय देवनाथ बिसेन, छगन हनवत, सुदेश गुड्डू सोनी, प्रमोद तम्मू खंडेलवाल, विजय बिसेन, राजकुमार चौधरी, अनीश बैग सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हर वर्ष नया-नया कार्यक्रम करवाने करते है प्रयास-विवेक पटेल

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि वारासिवनी में दशहरा पर्व की छटा ही निराली रहती हैं, जिसे देखने के लिए बालाघाट जिले सहित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ से लोग पहुंचते हैं। दशहरा मैदान में किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो, इसके लिए समिति द्वारा पूरी व्यवस्था कर ली गई है।



दशहरा चल समारोह नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर से प्रारम्भ होगा, जो गोलीबारी चौक, आम्बेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगा। जहाँ अहंकारी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। चल समारोह के दौरान जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चल समारोह के दौरान और दशहरा मैदान में डिजिटल आतिशबाजी की जायेगी। दशहरा मैदान में महिलाओं के बैठने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। विधायक श्री पटेल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस दशहरा पर्व के चल समारोह और रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होकर इसकी शोभा बढ़ाने की अपील की है।

## जाम में आज सांवरा म्यूजिकल देवी जागरण

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जाम में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक जाम में प्रति अनुसार इस वर्ष दशहरा पर्व में दर्शकों के मनोरंजन के लिए सांवरा म्यूजिकल देवी जागरण गायकी पुष्पा देवी का आयोजन किया गया है प्रतियोगिता समिति के सदस्यों ने बताया कि रात्रि 09:00 बजे से सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक जाम के तत्वाधान में देवी जागरण का आयोजन किया गया है। समिति सदस्य अध्यक्ष उत्तमलाल धागड़े , उपाध्यक्ष परदेशी लिल्हारे, उप कोषाध्यक्ष विरेन्द्र ठकरेले, सचिव राजकिरण साकुरे, सह.सचिव युवराज खैरवार, क्रीडा सचिव देवी डहारे, सह.सचिव युवराज खैरवार, सांस्कृतिक सचिव मनोज जुम्हारे , कोषाध्यक्ष विदेश पंचेश्वर, उप सांस्कृतिक सचित जितेन्द्र, भाद्री रावण समिति अध्यक्ष डॉ. दिनेश भगत राम दल प्रभारीराजकुमार हीरापुरे एवं समस्त ग्रामीण वासी आयोजन समिति ने अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया।




## घर-घर में स्थापित घट, जवारे का भी किया गया विसर्जन

# मंदिरों से ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकालकर कराया गया जलदर्शन

**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** शारदेय नवरात्र पर्व के चलते छेत्र भर में पूरे नौ दिनों तक विविध धार्मिक आयोजन होत रहे। वहीं 1अक्टूबर को नवमीं पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया गया। नगर के प्रमुख माता मंदिरों में एक दिन पूर्व अष्टमी को हवन-पूजन कर मातारानी को अठवाई चढ़ाकर कन्यापूजन कर कन्याभोज कराया गया। वहीं नवमीं में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकालकर समीपस्थ जलस्त्रोतों में विसर्जन किया गया।



नवमीं के अवसर पर लांजी नगर के प्रमुख मंदिरों में स्थापित ज्योति कलश विसर्जन के लिए शोभायात्रा के साथ निकाले गए। नगर के मां काली मंदिर व मां लांजकाई मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, निमटोला दुर्गा मंदिर से ज्योतिकलश विसर्जन के लिए बैण्डबाजों की धुन के साथ शोभायात्रा के रुप में निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए स्थानीय गणेशी तालाब पर पहुंचे। जहां विधि-विधान से पूजा अर्चन कर कलश विसर्जन किया गया। इसी तरह बुधवार को सुबह से ही घट व जवारों के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था। घरों में स्थापित किए गए ज्योतिकलश और जवारे का भक्तिभाव के साथ विजर्सन किया गया। भक्तों द्वारा मातारानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद समीपस्थ जलस्त्रोतों में घट और ज्वारे का विसर्जन किया गया। विदित हो कि नवरात्र पर्व के चलते पूरे नौ दिनों तक घरों में विविध धार्मिक कार्यक्रम, जस, देवी गीतों की संगीतमयी प्रस्तुति दी गई।

इधर, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा स्थापित की गई मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार व शुक्रवार को किया जाएगा। रावण दहन के बाद से प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

आदिशक्ति मां जगदम्बा की आराधना-उपासना के महापर्व नवरात्र की नवमीं पर मां लांजकाई के दरबार में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्रभर से श्रद्धालु भक्तों ने हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर मातारानी व मनोकामना ज्यातिकलशों के दर्शन कर मां जगतजननी से आशीर्वाद लिया। मंदिर में प्रज्जवलित किए गए 702 ज्योतिकलशों की शोभायात्रा निकाली गई। सांध्यबेला में मनोकामना ज्योति कलशों को स्थानीय गणेशी तालाब मे जलदर्शन कराया गया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

## केरल पुलिस तिरुअनंतपुरम केरला ने उड़ीसा स्टेट कटक को हराकर जीता फाइनल का महामुकाबला

हरिभूमि न्यूज उकवा।

मॉयल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में 64 वां मायल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय फाइनल मैच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितमबर 2025 से मायल ग्राउंड उकवा में कराया जा रहा है जिसमें 1 अक्टूबर 2025 को फाइनल मैच केरल पुलिस केरल एव उड़ीसा स्टेट फुटबॉल टीम कटक उड़ीसा के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि गौरव पारधी विधायक कटंगी एवं मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन उपाध्यक्ष जिनका स्वागत आदिवासी गोंडी नृत्य से कर अतिथि मंच तक लाया गया । श्री निषाद निकोसे खान प्रबंधक उकवा आदर्श कांत शुक्ला एडिशनल एसपी बालाघाट अरविंद शाह एसडीओपी बैहर अर्पित गुप्ता एसडीएम बैहर के एम रियाज आईपीएस अधिकारी विशेष अतिथि श्री जेम्स बारिक जिला फुटबॉल एसोसिएशन उपाध्यक्ष सुनील यादव सचिव की उपस्थिति में हजारों की संख्या में दशकों से खचाखच भरे स्टेडियम मे दोनों ही टीमों ने अपने पूरे दमखम के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन किया खेल के निर्धारित समय तक दोनों ही टीम 0-0 की बराबरी पर रही जिनका निर्णय पेनल्टी शूट से किया गया जिसमें केरल पुलिस तिरुवनंतपुरम 4-3 से विजय रही। फाइनल मैच जीतने वाली विजेता टीम को पहला इनाम 1लाख 11 हजार111रूपये नगद एवं चमचमाती विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई । इसी तरह से उपविजेता टीम को 55 हजार 5 सौ 1 रूपये नगद एवं चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई । संरक्षक यू.एस. भाटी(अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक खान)(समूह 1 बालाघाट खान)अध्यक्ष निषाद निकोसे (खान प्रबंधक, उकवा खान)व्यवस्था समिति मनोज साठे, राजेश खोब्रागडे, प्रदीप मरकाम, दिलीप नागोसे, जोसेफ नाग, शिवप्रसाद चौधरी, प्रवीण नायर, कृष्णा कटौते, अशोक साहु, मुकेश मरकाम, दर्शन दीप, राजकुमार नेताम,रुपेश हिरवानी, दिपक कुमरे,दिनेश सिंग, राजा करिया गुरु, रोशन भालेन्द्र, रविदास टांडिया,उपाध्यक्ष जयंता प्रधान,टूर्नामेंट सचिव राहुल धुर्वे कोषाध्यक्ष - विशाल सालुखे, नवीन बाबू कैला महिला व्यवस्था समिति -श्रीमती सुनीता तिरकी,श्रीमती सरस्वती ब्रम्हे,श्रीमती रेखा बाघ सहसचिव - विनय तांडी,पीतम यादव धर्मेन्द्र मेश्राम ,टेक्निकल कमेटी अजय बड़ोले, मंदार सेनगुप्ता, वी. कोटेश्वर राव सुरक्षा समिति समीर बॅनर्जी टेकचंद मदनकर बाबूलाल कौशल दिनेश नंद एवं समस्त सुरक्षा विभाग डॉ. विजय मरध हेमंत बाघसमस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, कामगार मॉयल लिमिटेड उकवा खान ।मैच के मुख्य निर्णायक सुरेश विश्वकर्मा कुलदीप रघुवंशी गौरव पांचे मुकेश तिल्लासी दुसरे मैच के निर्णायक रोहित यादव उकवा विकास वरकड़े राहुल गुप्ता नितेश मेरावी ।





## खबर संक्षेप

### विजयदशमी पर्व पर होगा शस्त्रपूजन कार्यक्रम, मुख्य अतिथि होंगे सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत विजयदशमी पर्व पर 2 अक्टूबर को शस्त्रपूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम अपरान्ह 2.30 बजे से जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में आयोजित मुख्य शस्त्रपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं सिवनी जिले में आयोजित शस्त्रपूजन कार्यक्रम में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों, विधायकगण तथा गणमान्य नागरिकों भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कांग्रेस की प्रभात फेरी आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 2 अक्टूबर को गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में प्रातः 09 बजे प्रभात फेरी इंदिरा भवन से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक से होते हुए रानीदुर्गावत्ती प्रतिमा स्थल तक निकाली जाएगी एवं प्रभातफेरी का समापन कांग्रेस कार्यालय में होगा, तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई जावेगी। इस अवसर पर विचार संगोष्ठी रखी गई है। तदोपरांत जिला चिकित्सालय पंहुचकर मरीजों को फ़लवितरण एवं दलित बस्ती में सफाई कार्यक्रम रखा गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने समस्त कांग्रेस जनों से जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में अपने साथी सहयोगियो सहित उपस्थिती हेतु अपील की है।

### ग्राम स्वराज पदयात्रा 2 अक्टूबर से प्रारंभ होगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पदयात्रा का यह 32वां वर्ष है
पदयात्रा का विस्तृत कार्यक्रम शीघ्र ही जारी किया जाएगा
दिनांक 4 अक्टूबर की पदयात्रा जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में की जावेगी
सिवनी 30 सितंबर। जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मोहन सिंह चंदेल द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन एवम राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के संयोजन में प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली ग्राम स्वराज पदयात्रा दिनांक 2 अक्टूबर 2025 से निकाली जाएगी। जो की विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए दिनांक 10 अक्टूबर को 2025 को संपन्न होगी। चूंकि इस बार दिनांक 2 अक्टूबर को सनातन धर्मावलंबी बंधुओं का बड़ा पर्व विजयादशमी दशहरा पर्व पड़ रहा है । अतः 2 अक्टूबर को पदयात्रा सांकेतिक रूप से की जाएगी। 3 अक्टूबर को पदयात्रा का विश्राम रहेगा। दिनांक 4 अक्टूबर को पदयात्रा बरघाट विकास खंड के खूंट ग्राम से प्रारंभ होगी एवम बरघाट नगर का भ्रमण करते हुए आदर्श लॉन में संपन्न होगी। दिनांक 4 अक्टूबर की पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी करेंगे।

### जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 62वें स्थापना दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने मिलकर ग्रीन केवीके एंड क्लीन केवीके अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किया। इस अवसर पर कार्यालय एवं केवीके परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही दर्पण सभागार में विश्वविद्यालय की 62 वर्षों की कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के उल्लेखनीय योगदान पर एक विशेष परिचर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें कृषि क्षेत्र की प्रगति और किसानों के हित में किए गए प्रयासों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत केंद्र प्रमुख द्वारा सभी स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# मठ मैदान मे दंगल का आयोजन 4 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शेरे सिवनी की उपाधि का ऐतिहासिक दंगल में देश भर के नामी-गिरामी पहलवानों के दावँ-पेंच और कुश्ती का हुनर मठ मंदिर के मैदान में देखने को मिलेगा। बुधवारी बाजार स्थिति अतिप्राचीन श्री बजरंग अखाड़ा के तत्वाधान में बीते अनेक वर्षों से दंगल का आयोजन किया जा रहा है इस वर्ष भी यह इनामी दंगल मठ मंदिर के प्रांगण में शनिवार 04अक्टूबर को दोपहर 02 बजे से प्रारंभ किया जावेगा इस इनामी दंगल में स्थानीय पहलवानों सहित प्रदेश और देश मे नामी-गिरामी पहलवान जोर आजमाइश कर अपना दम-दिलेरी-दाँव दिखाएंगे, इस इनामी दंगल में 50 रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक की कुश्तीजोड़ होगी, जिसमे चतुर्थ पुरुस्कार 11 हजार रुपये, तृतीय पुरुस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपये, तथा प्रथम पुरुस्कार 51 हजार रुपये का पारितोषक श्री बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा नकद प्रदान किये जायेंगे साथ ही प्रथम आने वाले पहलवान को शेरे सिवनी की उपाधि से नवाजा जाएगा।

### सिवनी कलेक्टर होंगी शीतला पटले



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रशासनिक फेरबदल की बड़ी लिस्ट जारी होते ही सिवनी जिले में हलचल तेज हो गई है। लंबे समय से सिवनी की कमान संभाल रहीं कलेक्टर श्रीमती संस्कृति जैन का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह अब श्रीमती शीतला पटले (आईएएस 2014 बैच) सिवनी की नई कलेक्टर होंगी। सूत्रों के अनुसार शीतला पटले का स्थानांतरण नरसिंहपुर से किया गया है और अब वे सिवनी जिले की जिम्मेदारी संभालेंगी। वहीं, पूर्व कलेक्टर संस्कृति जैन को आयुक्त, नगर पालिक निगम भोपाल तथा अपर प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (अतिरिक्त प्रभार) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



प्राचीन शिव मंदिर मंगली पेठ सिवनी



रंग मंच बाजार चौक गणेशगंज में ब्राजी मां जगत जननी

## डुण्डासिवनी पुलिस का गौ तस्करों पर बड़ा प्रहार

# गौवंश सहित एक कार जप्त, तीन नग गौवंश मुक्त कराये

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता गौ तस्करो एंव गौवंश में लिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करने के संबंध में संवेदनशील है, जो एएसपी दीपक मिश्रा एंव नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन मे डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती रही है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इसी क्रम डूण्डासिवनी थाना प्रभारी सतीश तिवारी व इनकी टीम द्वारा पूर्व मे भी गौवंश तस्करो पर सख्त कार्यवाही की गयी है इसी



क्रम में दिनांक 01/10/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की एक कार में गौवंश भरकर नागपुर तरफ जाने वाला है जो थाना स्तर पर टीम गठित कर तकनीकी सहायता लेकर वाहन चैकिंग लगाई गयी।

उक्त कार की सूचना मिलने पर कार को रोकने का प्रयास किया गया जो कार चालक द्वारा अपनी कार को रफ्तार से भागाने का प्रयास किया जिसे टीम व्दारा घेराबंदी कर डूंडासिवनी क्षेत्रांतर्गत नागपुर सिवनी बायपास रोका गया जो पुलिस को देख कर तस्कर अंधेरा का फायदा उठा कर भाग गये। कार चेक करने पर तीन नग गौवंश पैरो मे रस्सी बांधकर क्रूरता पूर्वक भरे गये थे। जिन्हे मुक्त कराया गया। कार चालक के विरुद्ध थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमाक 467/2025 धारा 4,6.9 गौवंश प्रति. अधि.11 (घ) पशु क्रू. अधिनियम कायम कर विवेचना में लिया गया फरार आरोपियो की तलाश पताशजी जारी है।

जप्तीः- 01 मारुति सुजकी कार कीमती 3 लाख रुपये

विशेष भूमिकाः थाना प्रभारी सतीश तिवारी, उनि. मनोज जंघेला, सउनि संजय बघेल, देवेन्द्र जयसवाल, आर., कृष्कुमार भालेकर, नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, मिथलेश सूर्यवंशी, नगर रक्षा समिति सदस्य हिमांशु साहू।



श्री राधाकृष्ण शिवशंकर मंदिर गणेशगंज में पुत्र कार्तिक के साथ विराजी मातारानी

# नवरात्रि पर्व पर सुजीत जैन द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का दिलाया संकल्प



## स्वदेशी के मंत्र से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा : सुजीत जैन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर में नवरात्रि पर्व पर मंडपों एवं गरबा महोत्सव स्थलों पर रौनक बनी हुई है नगर में जगह-जगह माता रानी की प्रतिमाएं बन रही आकर्षण का केंद्र नवरात्रि पर्व पर पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजीत जैन द्वारा माता रानी के मंडपों गरबा महोत्सव स्थलों एवं देवी जागरण कार्यक्रम में नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं उपयोग करने का संकल्प दिलाया गया सुजीत जैन अपर बैनगंगा कॉलोनी में विराजित मां भवानी के 51वे वर्ष पूर्ण होने पर महा आरती में श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम जिला स्कूल महावीर वार्ड में महाआरती एवं कृष्ण लॉन में आयोजित निकुंज रास गरबा एवं भारत माता की आरती में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए एवं प्रत्येक स्थान पर नागरिकों को उनके द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं उपयोग करने का संकल्प दिलाया गया इस अवसर पर लालमणि लालू राय उपाध्यक्ष भाजपा , अलकेश रजक पूर्व पार्षद एवं सभापति , तुलेश डहरवाल महामंत्री युवा मोर्चा , विक्रांत दुबे पूर्व महामंत्री , हरीश तिवारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक रजनीश सिंह ने छपारा नगर में विराजित दुर्गा प्रतिमा का पूजन अर्चन कर किया दर्शन



**सिवनी।** जिले के छपारा में केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में स्थापित कि गई प्रतिमा का प्रत्येक पंडाल में जाकर क्षेत्र की उन्नति और प्रगति, के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना किया, विधायक रजनीश सिंह के साथ ब्लाक कांग्रेस पार्टी छपारा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पंडालों में साथ रहकर सभी ने पूजा पाठ किया। हम आपको बता दें कि शारदेय नवरात्रि में पूरे छपारा नगर को दुल्हन सा सजाया गया है, चहुंओर भक्तिमय गीत सुनाई दे रहे हैं, सार्वजनिक दुर्गा समितियों द्वारा माता रानी के पंडालों में किसी ने आपरेशन सिंदूर का सीन बनाया है,तो किसी ने रावण के भाई कुंभकरण को युद्ध के लिए निद्रा से जगाने का प्रयास करते हुए सीन प्रदर्शित किया है, तो किसी पंडाल में रेगिस्तान की महारानी बैलगाड़ी में बैठी हुई हैं जिसे देखने के लिए पूरे छपारा ब्लॉक से महिला पुरुष बड़ी संख्या में दुर्गा पंडालों में पहुंचकर आनंद उठा रहे है। इस अवसर पर केवलारी विधायक रजनीश सिंह ने भक्तों के साथ देवी गीत भी गाया , नगर में 2 तारीख को दशहरा पर्व मनाया जाएगा, एवं दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन 3 तारीख को मां वैनगंगा नदी में किया जाएगा।



श्री हनुमान मंदिर गणेशगंज में सहपरिवार पुत्र कार्तिक गणेश जी के साथ भगवान शिव मां पार्वती जी आकर्षित प्रतिमा

## कन्याओं की झॉकी बनी जनाकर्षण का केन्द्र



नगर के छिंदवाड़ा रोड में स्थित शनिमंदिर दुर्गा पंडाल मे कन्याओं की झॉकी बनी जनाकर्षण का केन्द्र।

## प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन जारी, ट्रांसपोर्टर नहीं कर रहे पुलिस प्रशासन का सहयोग, रोज हो रही चलानी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर प्रतिबंधित क्षेत्र में आवामन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।



यातायात पुलिस सिवनी द्वारा नवरात्रि पर्व के प्रारंभ होने से पूर्व ही समस्त ट्रांसपोर्टरों से अपील की गई थी कि पर्व के दौरान नगर में अत्यधिक भीड़भाड़ होती है अतः प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन ना करें यातायात पुलिस सिवनी द्वारा वाहन क्रमांक एमपी-39 एच-3895एवं एमएच-40बीएल-7309द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन करने के कारण 5000-5000 रुपए का जुर्माना करते हुए कुल 10000 का समन शुल्क वसूल किया गया।



# सितंबर माह का राशन 5 अक्टूबर तक प्राप्त करें, 2 अक्टूबर को पंचायतों में ग्राम सभाएँ आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि सहकारिता कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 08 से 23 सितंबर 2025 तक रहने के कारण जिले की उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण बाधित रहा। इस वजह से बड़ी संख्या में पात्र हितग्राही राशन प्राप्त नहीं कर सके। शासन ने स्थिति को देखते हुए सितंबर माह के राशन वितरण की अंतिम तिथि 05 अक्टूबर 2025 तय की है। जिला प्रशासन ने अपील की है कि सभी हितग्राही इस तिथि तक अपनी-अपनी उचित मूल्य की दुकानों से अनिवार्य रूप से राशन सामग्री प्राप्त कर लें। निर्धारित समय सीमा के बाद सितंबर माह का राशन वितरण नहीं किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993, म.प्र. ग्राम सभा नियम 2001 तथा म.प्र. पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत जिले में 02 अक्टूबर 2025 से चरणबद्ध रूप से ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं में उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी और चार प्रमुख कार्यवाहियाँ की जाएंगी जिनमें राशन प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, राशन प्राप्त न करने वाले पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन,नवीन पात्रता पर्ची हेतु पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, शासन से प्राप्त 6 लाख / 25 लाख एवं कंपनी संचालक संदिग्ध हितग्राहियों की सूची का वाचन होगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे 02 अक्टूबर को अपनी-अपनी पंचायत की ग्राम सभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों और प्रक्रिया में सहयोग करें।

## राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# हिमाचल प्रदेश में सिवनी के खिलाडियों की शानदार उपलब्धि 3 स्वर्ण सहित 6 पदक



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) स्थित वाई.एस. परमार कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौनी में 21 से 25 सितम्बर आयोजित वाको इंडिया जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिवनी के खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश और जिले का नाम रोशन किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 28 राज्यों के लगभग 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सिवनी की तीन प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों ने अलग-अलग भार वर्गों में अपने अद्वितीय खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी अनुप्रिया कौरव और अथर्व कौरव को उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए आगामी वल्ड किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप, उज्बेकिस्तान में मध्यप्रदेश और भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है।

### जल संसाधन विभाग के लिपिक रमाकांत सिंह ठाकुर सेवानिवृत्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जल संसाधन विभाग सिवनी में लिपिक पद पर पदस्थ श्री रमाकांत सिंह ठाकुर ने 32 वर्षों तक अपनी निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएँ प्रदान कीं। 30 सितम्बर को अर्धवार्षिक सेवा आयु पूर्ण होने पर वे ससम्मान सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में विभागीय कार्यालय में आयोजित समारोह में अधिकारियों, सहकर्मियों, परिवारजनों एवं इष्टमित्रों की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि श्री ठाकुर ने सदैव विभागीय दायित्वों को प्राथमिकता दी और सरल व मिलनसार स्वभाव से सहकर्मियों के बीच विशेष स्थान बनाया। सहकर्मियों ने उन्हें कर्मनिष्ठ और अनुशासित कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका कार्य व्यवहार युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने उनके योगदान को याद करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ कीं।

# पुलिस अधीक्षक ने किया मूर्ति विसर्जन स्थल घाटो का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा सिवनी शहर के मूर्ति विसर्जन स्थल घाट दल सागर, लखनवाड़ा वैन गंगा नदी घाट, मठ तालाब घाट, परतापुर घाट का निरीक्षण किया गया। दुर्गा विसर्जन स्थल घाटों के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश। सुरक्षा व्यवस्थाः विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाये। मूर्ति विसर्जनःमूर्ति विसर्जन के लिए चिन्हित स्थानों पर ही विसर्जन किया जाएगा और सुरक्षा के दृष्टिगत गहरे पानी में जाने से बचने के लिए निर्देश दिए गए। प्रकाश व्यवस्था एवं घाट की साफ सफाईः विसर्जन स्थलों पर प्रकाश की उत्तम व्यवस्था की जाए, विसर्जन स्थल की साफ सफाई नियमित बनी रहे। **सीसीटीवी निगरानी:**विसर्जन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाये, ताकि भीड़ की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। असामाजिक तत्वों पर निगरानीःअसामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और अफवाहों का त्वरित खंडन किया जाए। पूजा समितियों के साथ समन्वयः पूजा समितियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखा जाए और सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ सार्थक संवाद कायम रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा,नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे, डीएसपी अजाक श्रीमती श्रद्धा सोनकर, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू,थाना प्रभारी कोतवाली किशोर बामनकर,थाना प्रभारी डूंडा सिवनी सतीश तिवारी, यातायात प्रभारी विजय बघेल, थाना प्रभारी लखनवाड़ा चंद्र किशोर सिरामे, डीएसबी प्रभारी नीरज दुबे उपस्थित रहे।

### शासकीय नर्सिंग कॉलेज में सरकार घटा रही है सीट
# सरकार के खिलाफ छात्राओं का प्रदर्शन!






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश के शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में सीटें लगातार घटने से नाराज छात्राओं ने बुधवार को अपने परिजनों के साथ बालाघाट कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। नर्सिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने की चाह रखने वाली छात्राओं ने मांग की कि सरकार उन्हें पढ़ने का मौका दे और तत्काल सीटों की संख्या बढ़ाए।

छात्राओं का कहना है कि निजी कॉलेजों में नर्सिंग की पढ़ाई महंगी होने के कारण वे सरकारी कॉलेज में दाखिला लेना चाहती हैं, लेकिन सरकार लगातार सीटों की संख्या कम कर रही है, जिससे उन्हें प्रवेश नहीं मिल पा रहा है।

सीटों में भारी कटौतीः छात्राओं ने बताया कि पिछले वर्ष 1350 सीटें थीं, जो इस साल घटाकर केवल 515 कर दी गई हैं।

प्राइवेट कॉलेजों को प्रोत्साहन का आरोपः छात्र संदीप सोनगढ़े ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर प्राइवेट कॉलेजों की सीटें बढ़ाकर शासकीय कॉलेज की सीटें कम कर रही है, ताकि गरीब वर्ग के छात्र महंगी फीस के कारण पढ़ने से वंचित हो जाएं।

दो साल से नर्सिंग की तैयारी कर रही छात्रा अंजलि किरार ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, ₹हम अच्छे नंबर ला रहे हैं, अच्छी रैंक ला रहे हैं, लेकिन आज शासकीय कॉलेजों में सीटें कम होती जा रही हैं। 2024 में 1350 सीटें थीं, लेकिन आज केवल 515 हो गई हैं। हम पढ़ना चाहते हैं।

## दो प्रमुख मांगें

1. शासकीय नर्सिंग कॉलेज में सीटें बढ़ाई जाएं।
2. चॉइस फिलिंग पोर्टल में प्रदेश के सभी 22 शासकीय कॉलेजों को शामिल किया जाए।

छात्राओं ने बताया कि वर्तमान में 22 शासकीय कॉलेजों के बावजूद चॉइस फिलिंग के लिए पोर्टल पर महज 8 कॉलेज ही दिखाए जा रहे हैं, जिससे उनके दाखिले की संभावना और भी कम हो गई है।

छात्राओं ने सवाल उठाया कि पहले चार कॉलेज अलॉट किए गए थे, जिसके बाद चार और कॉलेज जोड़े गए, लेकिन सभी 22 कॉलेज क्यों नहीं दिखाए जा रहे हैं।

प्रदर्शन कारियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि सरकार गरीब वर्ग से आने वाले बच्चों के भविष्य को देखते हुए न केवल सीटें बढ़ाए, बल्कि सभी 22 शासकीय कॉलेजों को MPPNST की साइट पर चॉइस फिलिंग के लिए तुरंत उपलब्ध कराए।

# संदिग्ध अवस्था में घर पर ही पड़ा मिला विवाहित महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**थाना परसवाड़ा के वार्ड नंबर 11 में बुधवार की सुबह एक 35 वर्षीय विवाहित महिला का शव उसी के घर पर मिलने से समूचे गांव में सनसनी फ़ैल गई। मृतका का नाम शारदा ब्रम्हे उम्र 35 वर्ष बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक महिला ग्राम कुरेण्डा के पूर्व सचिव रामेश्वर उर्फ पप्पू ब्रम्हे की धर्मपत्नी है।**





जानकारी अनुसार, मृतका महिला के बड़े भाई ग्राम मानेगांव, बरघाट जिला सिवनी निवासी संजू अर्जुनवार ने बुधवार की सुबह परसवाड़ा थाना पहुंचकर पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात्रि करीब 10 बजे उन्हें शारदा की सासु मां जशोदा बाई ब्रम्हे ने फोन कर बताया कि शारदा ब्रम्हे की मौत हो गई है। जानकारी मिलते ही हम बरघाट से परसवाड़ा सुबह 5 बजे पहुंचे जहां हमें घर के उपर वाले कमरे में ले जाया गया। जब कमरे में शारदा नहीं दिखाई दी तब उन्होंने हमें नीचे के कमरे में ले जाकर दिखाया जहां मेरी बहन वस्त्रहीन अवस्था में पड़ी हुई दिखी। जिसके पश्चात हमने पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची परसवाड़ा पुलिस ने महिला के शव को कपड़े से ढंका। जिसके पश्चात एसडीओपी अरविंद शाह और नगर निरीक्षक मदन इवने द्वारा हर पहलू पर सूक्ष्मता से तथ्यों की जांच प्रारंभ की गई। बालाघाट से एफ एस एल की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर तथ्यों को खोजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर अग्रीम कार्यवाही करते हुए दोपहर बाद मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा पहुंचाया, जहां संध्या काल पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मामले पर मृतका की 13 वर्षीय पुत्री चहक ब्रम्हे ने बताया की मंगलवार की सुबह हम लोगो ने उन्हें चाय दिया था इसके बाद 2:00 बजे उन्हें खाना देने के लिए गए थे जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला तो हम चले गए, इसके बाद शाम को तकरीबन 6:00 बजे जब आवाज देने पर भी सामने का दरवाजा उन्होंने नही खोला तब दूसरे दरवाज़े से पीछे की ओर जाकर देखा तो वह ऐसी हालत में पड़ी हुई थी जिससे हम लोग डर गये। उस समय मै, मेरी बुआ और दादी साथ मे थे। इसके बाद हमने पापा को फोन करके घटना की सूचना दी। मृतका की पुत्री चकह ने बताया कि मामले को लेकर गढ़वाल भवन मे कुछ देर बैठक भी हुई थी। चहक ने बताया कि हम भाई-बहन अपनी मम्मी के साथ नहीं रहती थी बल्कि वह भाई बहन उपर वाले कमरे में रहते थे और उसके पापा कुरेण्डा रोड खेत वाले घर पर रहते थे।

मृतका के भाई और मां ने मृतका के ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि दो तीन दिनों पूर्व बेटी शारदा का दुसरे नंबर से फोन आया था कि मां आप लोग मुझे देखने को आओ। उन्होने मृतका के पति रामेश्वर ब्रम्हे, देवर जागेश्वर ब्रम्हे और सास जशौदा ब्रम्हे पर आरोप लगाते हुए कहा है कि बेटी की हत्या की गई है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषीयों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

मामले पर परसवाड़ा पुलिस के एसडीओपी अरविंद शाह ने कहा कि एक महिला का शव उसके ही घर पर मिलीं थीं। सूचना पर पुलिस पहुंची थी। ब्लडींग की स्थिति को एफ एस एल की टीम भी जांच कर रही है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है। बहरहाल परसवाड़ा पुलिस सूक्ष्मता से मामले की जांच

# विधायक गौरव सिंह पारधी ने विभिन्न ग्रामों में दुर्गा उत्सव कार्यक्रमों में दी सहभागिता



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नवरात्रि पर्व पूरे क्षेत्र में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ग्राम गजपुर, अमई, कलगांव मोहनटोला, जराहमोहगांव, बोनकट्टा, चिखलाबांध, कटंगी राम मंदिर, लालपुर, असेरा और खड़कपुर सहित अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी विभिन्न ग्रामों में आयोजित भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं से भेंट कर आयोजनों की सराहना की और सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।ग्रामीणों ने बताया कि माता रानी की सेवा और भक्ति में श्रद्धालु दिन-रात जुड़े हुए हैं। भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए व्रत, पूजन और सेवा कार्य पूरे उत्साह के साथ कर रहे हैं।

### मां दुर्गा की उपासना से समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है – विधायक गौरव सिंह पारधी

अपने संबोधन में विधायक पारधी ने कहा कि "नवरात्रि शक्ति और भक्ति का पर्व है। मां दुर्गा की उपासना से हमें समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। इस पावन अवसर पर हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि आपसी एकता, भाईचारे और जनकल्याण के कार्यों में मिलकर योगदान दें।"आयोजनों में जनपद सदस्य शारदा डहरवाल सरपंच योगेश डोंगरे दीपक आड़े, ओंकार बिसेन, चित्र कुमार डहरवाल, राजकुमार कानतोडे, अशोक हनवत, प्रकाश बिसेन, गोरेलाल पटले, बाबूलाल गौतम, गणपत पटले, निखिल देवरे, सागर राउत, समीर राउत, तिलकचंद कटरे, शेखर तिवारी, सुभाष झाड़ेकर, रूपेश सहारे, मुकेश पटले सहित आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# खैरलांजी अस्पताल में अंतराष्ट्रीय वृद्धा दिवस मनाय गया, किया वृद्धजनो का सम्मान, हुआ उपचार



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

1 अक्टूबर बुधवार को शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में अंतराष्ट्रीय वृद्धा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डा.खिलेंद्र पाल के द्वारा वृद्धो जनो का सम्मान किया एंव उनकी दीर्घायु और स्वास्थ जीवन की कामना की।इस अवसर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा वृद्धा जनो के उपचार के लिए स्वास्थ शिविर आयोजित कर उनके स्वास्थ की जांच की गई साथ ही उचित उपचार, परामर्श एंव निशुल्क दवाई वितरण की गई साथ ही वृद्धो जनो का सम्मान करते हुए उन्हें श्रीफल प्रदान किया गया। इस दौरान खंड चिकित्सका अधिकारी डा.खिलेंद्र पाल, नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन, कोमल नागपुरे, सहित वृद्धजन एंव अन्य स्वास्थ विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश में खरीफ 2025 के लिए सोयाबीन भावांतर योजना लागू
## किसानों को मिलेगा MSP का लाभ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत खरीफ 2025 के लिए सोयाबीन फसल हेतु भावांतर योजना लागू करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत किसानों को उनकी सोयाबीन उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) 5328 रुपए प्रति क्विंटल सुनिश्चित किया जाएगा। यदि मंडी में सोयाबीन MSP से कम दर पर बिकती है, तो मंडी मॉडल रेट और विक्रय दर के अंतर की राशि किसानों को भावांतर योजना के तहत भुगतान की जाएगी।

**पंजीयन और विक्रय की अवधिः** किसानों का पंजीयन 3 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2025 तक होगा। मंडी में सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक किया जा सकेगा। केवल इस अवधि में पंजीयन और विक्रय करने वाले किसान ही योजना का लाभ ले सकेंगे।

**योजना की निगरानी के लिए नियुक्त अधिकारीः** योजना के सफल क्रियान्वयन, पारदर्शिता, मंडी में उचित मूल्य पर विक्रय और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बालाघाट जिले में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में भावांतर योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी के लिए अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे को नोडल अधिकारी एवं उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**उद्देश्य और लाभः** यह योजना मंडी ईको-सिस्टम को सुदृढ़ करने, मूल्य निर्धारण की निगरानी और कम दर पर बिकने वाले लॉट की जांच सुनिश्चित करेगी। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और आर्थिक नुकसान से बचाना है।

# सेवा निवृत्त शिक्षक सुरज प्रसाद पाराशर हट्टा का आज होगा अंतिम संस्कार



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** हट्टा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सुरज प्रसाद पाराशर का 01 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को देवलोक गमन कर चुके हैं।उनका अंतिम संस्कार 02अक्टूबर 2025को सुबह 10बजे स्थानीय मोक्षधाम हट्टा में किया जायेगा।वे 85 वर्ष के थे। तथा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बड़ी संख्या में शुभचिंतकों कीउपस्थिति में मुखाग्नि दी जायेगी। सुरज प्रसाद पाराशर एक सफल शिक्षक के साथ कुशल कलाकार भी थे। गायन कला के अलावा वे ढोलक व डुग्गी बजाने में भी पारंगत थे। कई सामाजिक-धार्मिक नाटकों का निर्देशन भी किया था। उनके निधन से गांव में शोक है। शिक्षक समुदाय ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# कृषि महाविद्यालय द्वारा ग्राम सरंडी में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कृषि महाविद्यालय, बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सरंडी में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने ग्राम में सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख ने कहा कि स्वच्छता केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वच्छता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जब ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता का संदेश देते हैं, तब वे न केवल शिक्षा का प्रसार कर रहे होते हैं बल्कि समाज को सशक्त भी बना रहे होते हैं। ग्राम सरंडी के सरपंच श्री राजेश गौतम ने महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से ग्रामीणों में भी जागरूकता बढ़ी है और वे भविष्य में भी इस सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। इस अभियान के दौरान महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने ग्राम के सार्वजनिक स्थलों, स्कूल परिसर, मंदिर प्रांगण एवं गलियों की सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया।

# पशु चिकित्सालय खैरलांजी ने किया दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** शासकीय पशु चिकित्सालय खैरलांजी के द्वारा डा.सुभमं उइके के मार्गदर्शन में दुग्ध समृद्धी संपर्क अभियान की शुरुआत आज से की गई, जो 10 अक्टूबर तक चलेगा। इसी अभियान को सफल बनाने के लिए 1 अक्टूबर बुधवार को पशु चिकित्सालय के सभाकक्ष में पशु चिकित्स डा. शुभम उइके द्वारा विभागी पदाधिकारी एंव मैत्री कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की गई। इस दौरान बताया गया की पशु पालको व कृषको की आय को दुगनी करने के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए पशु पालको की हर संभव मदद करना है। ताकि पशु पालको की आर्थिक स्थिती में सुधार हो सके। इस दौरान डा.शुभम उईके ने बताया की दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान तीन चरणो में होगा। प्रथम चरण की शुरुआत की गई है। पशुपालको के घर घर जाकर अभियान को सफल बनाया जाएगा, कृषको व पशुपालको की हर संभव मदद कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। दुग्ध पशु की देखभाल, बीमारी की रोकथाम, समय पर उपचार एंव नस्ल सुधार सहित अन्य गतिविधि पर पशुपालक से चर्चा कर उचित परामर्श व सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक में डा.शुभम उईके पशु चिकित्सका विस्तार अधिकरी, भूपसिंग गौतम, सुनिल उईके, कल्याणी तितरमारे, रामदयाल बिसेन, दूर्वेसन दशहरे गुलाब सिंह कटरे सहित अन्य गौसेवक एव विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।



# नपाध्यक्ष ने किया दुर्गा प्रतिमा विसर्जन घाट का निरीक्षण

### 6 अक्टूबर को होगा भारत माता प्रतिमा का अनावरण, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों को किया जायेगा पुरस्कृत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शारदेय नवरात्र में नौ दिनों तक मातारानी की उपासना के बाद अब सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों के द्वारा विराजित मां अम्बे की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। जिसके लिये नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा वैनगंगा नदी घाट छोटे पुल पर व्यापक प्रबंध किये जाते है उसी कड़ी में 1 अक्टूबर को नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर के द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया और नपा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**विसर्जन स्थल पर नपा द्वारा किये गये व्यापक प्रबंध :** नपाध्यक्ष ने बताया कि लगातार 3 वर्षो से नगरपालिका द्वारा विसर्जन को लेकर कुण्ड एवं नदी के छोटे पुल पर क्रेन के माध्यम से विसर्जन की व्यवस्था की जा रही है। गणेशोत्सव के दौरान सुविधाओं का विस्तार किया गया था उसी तरह अब मातारानी की प्रतिमा विसर्जन के लिये भी व्यापक व्यवस्थाएं रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रतिमा विसर्जन स्थल पर निःशुल्क क्रेन व्यवस्था के साथ ही प्रकाश एवं मार्ग को व्यवस्थित किया गया है जिससे कि भक्तजनों को विसर्जन के दौरान परेशानियां ना हो। नपाध्यक्ष ने आग्रह किया है कि विसर्जन स्थल के समीप नगरपालिका का पूजन सामग्री एकत्रिकरण वाहन होगा उसमें ही पूजन सामग्रियों को पॉलिथिन के साथ में करके दिया जाये। पालीथीन के साथ पूजन सामग्री नदी में विसर्जित ना कर स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग करें जिस पूजन सामग्री की खाद बनाकर पेड़-पौधों में डाली जाती है नगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा जिला प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाये उक्त निर्देश नपाध्यक्ष ने दिये है। उन्होंने बताया कि जब से नगरपालिका में अध्यक्ष का पद्धार संभाला है 3 वर्ष हो चुके है यह व्यवस्थाएं सुचारू बनी हुई है क्रेन के माध्यम से प्रतिमाओं का विसर्जन किये जाने से असमय होने वाली दुर्घटनाओं पर भी नियंत्रण हो सका है। उन्होंने श्रद्धालुजनों सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आस्थाभाव से निर्धारित तैयारियों के अनुरूप ही प्रतिमाओं का विसर्जन किये जाने का आग्रह किया है।

**विभिन्न विधाओं में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों को किया जायेगा पुरस्कृतः** नपाध्यक्ष ने बताया कि नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा इस वर्ष भी नवरात्र के नौ दिनों में नगर की सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा दिखाये गये अनुशासन,मां के पंडाल परिसर की स्वच्छताए पारंपरिक सांस्कृति आयोजन तथा स्वदेशी सामग्री के उपयोग एवं आकर्षक रोशनाई तथा सजावट,अनुशासन, राष्ट्र भक्ति प्रेरणा को लेकर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों को पुरस्कृत किया जायेगा। 6 अक्टूबर को काली पुतली चौक में भारत माता की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर चयनित दुर्गोत्सव समितियां पुरस्कृत होगी।

**6 अक्टूबर को भारत माता की प्रतिमा का होगा अनावरण :** सत्य की असत्य और बुराईयों पर अच्छाई की जीत के पर्व दशहरा की सभी नगरवासियों को नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि दशहरा का पर्व हमे सीखाता है कि असत्य और बुराईयों कितनी ही बलशाली क्यों ना होए उसे एक दिन सत्य और अच्छाईयों के सामने हारना ही पड़ता है, उन्होंने लोगों से अपील की कि नवरात्र में देवी भक्ति के शक्ति की ताकत के साथ रावणरूपी अहंकारए द्वेष, असुरी विचारों को नाश कर भगवान राम के विचारों को आत्मसात कर अपने जीवन का कल्याण करें।

### ग्रामीण बता रहे तेंदुआ, वन विभाग का दावा गांव में आया लकड़बग्घा
# वन्य प्राणी की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



वन परिक्षेत्र कटंगी की समतपुरी बीट और अरी रेंज की कामठी बीट के बीच स्थित टेकाड़ी (म.) गांव में बीते 02 दिनों से वन्य प्राणी की दस्तक देखने को मिल रही है. गांव की बीच बस्ती में वन्य प्राणी के पदचिन्ह भी देखे गए है. ग्रामीण इसे वन्य प्राणी तेंदुआ बता रहे है जबकि वन विभाग ने विष्ठा के आधार पर बिल्ली प्रजाति का लकड़बग्घा होने की बात की कही है. खैर, वन्य प्राणी के गांव के भीतर तक आने से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है. बुधवार को गांव के कुछ लोगों ने तेंदुए को देखे जाने का दावा किया है. उनका कहना है कि टेकाड़ी के नहर टोला में तेंदुआ पहले भी देखा गया है. जिसने गांव के पालतू मवेशी बकरियों और एक बंदर का भी शिकार किया. तेंदुए को गांव के एक पेड़ पर बैठा हुआ देखा गया था. 29 सितंबर की देर शाम करीब साढ़े 08 बजे पहली बार वन्य प्राणी को गांव में देखा गया. जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई तो वनकर्मियों ने गांव में पहुंचकर सभी को सतर्क रहने की सलाह देते हुए आतिशबाजी करवाई और कुछ पटाखे ग्रामीणों को दिए है. इसके साथ ही झुंड में ही कहीं भी जाने की सलाह दी गई है. ग्रामीणों का कहना है कि वन्य प्राणी के गांव तक आने से जान-माल का खतरा बना हुआ है. शाम ढलते ही लोगों ने अपने घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है. ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से शाम होते ही गलियों में अंधेरा छा जाता है जिस कारण खतरा और अधिक बढ़ जाता है।

दरअसल, टेकाड़ी (म.) गांव से करीब डेढ़ किमी दूरी पर ही जंगल है. हालांकि इसके बावजूद कभी भी वन्य प्राणियों ने गांव में दस्तक नहीं दी. बीते कुछ समय से नहर टोला में वन्य प्राणी तेंदुए को देखे जाने की लगातार सूचनाएं जरूर सामने आई है और कुछ लोगोंb के द्वारा तेंदुए को देखे जाने की बात भी कहीं जाती है. जिसके बाद वन विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों को जंगल के किनारे अकेले न घूमने, रात में बाहर न निकलने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत सूचना देने की समझाइश दी है. इसके साथ ही, वनकर्मियों द्वारा गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो. वहीं वन्य प्राणी की आमद ग्राम के नजदीक ही बनी हुई है. ऐसे में ग्रामीण पूरी तरह से दहशत में आ गए हैं. जिन्होंने अकेले घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है. अपने पालतू मवेशियों को लेकर भी ग्रामीणों की चिंता व्यक्त की है. ग्रामीणों ने वन विभाग से वन्य प्राणी को पकड़कर अन्यत्र स्थान पर छोड़ने की मांग की है. वन्य प्राणी की मौजूदगी के बाद से टेकाड़ी (म.) की बस्ती सहित नहर टोला में दहशत का माहौल बना हुआ है. ग्रामीणों का कहना है कि वन्य प्राणी की आस पास मौजूदगी बने रहना ग्रामीणों और पालतू मवेशियों के लिए घातक साबित हो सकता है. इसलिए जितनी जल्दी हो वन्य प्राणी को पकड कर दूर जंगल में छोड़ा जाना चाहिए।